राजस्थान सरकार
परिवहन विभाग

क्रमांक :– एफ12(5) परि / सांख्यिकी / ब.घो. / 2013 / 25894 जयपुर, दिनांकः 30/5/13

प्रबंध निदेशक,
राजस्थान संवाद,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
शासन सचिवालय परिसर,
जयपुर।

विषयः नवीन उप परिवहन कार्यालयों के क्षेत्राधिकार के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि बजट घोषणा वर्ष 2013–14 के क्रम में वित्त विभाग द्वारा प्रदत्त स्वीकृति की अनुपालना में रेलमगरा–राजसमन्द, नावां–नागौर, लूणकरणसर–बीकानेर, भवानीमण्डी –झालावाड, देवली–टोंक में नये उप परिवहन कार्यालय खोले गए हैं। उपरोक्त कार्यालयों हेतु प्रस्तावित क्षेत्राधिकार के संबंध में कृपया संलग्न विज्ञापन को समुचे राजस्थान में प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति, राष्ट्रदूत, पंजाब केसरी में 10 x 12 cm. की साईज के प्रिंट में दिनांक 01.06.2013 को प्रकाशित करने का श्रम करें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

(पवन अरोड़ा)
उप शासन सचिव (मुख्यालय)

राजस्थान सरकार
परिवहन विभाग

विज्ञप्ति

बजट घोषणा वर्ष 2013–14 के क्रम में वित्त विभाग द्वारा आई.डी. संख्या **101301690** दिनांक 06.05.2013 द्वारा प्रदत्त स्वीकृति की अनुपालना में रेलमगरा–राजसमन्द, नावां–नागौर, लूणकरणसर–बीकानेर, भवानीमण्डी –झालावाड, देवली–टोंक नये उप परिवहन कार्यालय खोले गए हैं। उपरोक्त कार्यालयों हेतु प्रस्तावित क्षेत्राधिकार का अवलोकन संबंधित प्रादेशिक/जिला परिवहन कार्यालय, उप परिवहन आयुक्त (यो.वि.) कार्यालय, मरिवहन मुख्यालय, सहकार मार्ग जयपुर व विभागीय वेबसाइट www.transport.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है। जनसाधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त कार्यालयों के प्रस्तावित क्षेत्राधिकार के संबंध में अगर कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति उप परिवहन आयुक्त (यो.वि.), परिवहन विभाग, सहकार मार्ग, जयपुर को प्रस्तुत कर सकते है।

(पवन अरोड़ा)
उप शासन सचिव (मुख्यालय)

नवीन उप परिवहन कार्यालयों का क्षेत्राधिकार, जो प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों से प्रस्ताव प्राप्त हुए–

क्र. सं.	नवीन उप परिवहन कार्यायाल का नाम जो खोला जाना है	प्रादेशिक परिवहन अधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त हुएं	विशेष विवरण
1	उप परिवहन कार्यालय रेलमगरा (प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, उदयपुर)	रेलमगरा एवं आमेट उप खण्ड	
2	उप परिवहन कार्यालय नावा (प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, अजमेर)	नावा उपखण्ड क्षेत्र	
3	उप परिवहन कार्यालय देवली (प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, अजमेर)	देवली उपखण्ड क्षेत्र	
4	उप परिवहन कार्यालय लूनकरणसर (प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, बीकानेर)	लूनकरणसर तहसील	
5	उप परिवहन कार्यालय भवानीमंडी (प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, कोटा)	तहसील पंचपहाड, तहसील गंगधार	